दिनांक : 22 .05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 103 अमृत स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन, प्रदेश के छह स्टेशन भी शामिल।
- हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि बढ़ी।
- दक्षिण-पश्चिम मानसून इस साल समय से पूर्व आने की संभावना, प्रदेश में फिलहाल जारी रहेगा आंधी पानी का दौर।
- आईपीएल में, दिल्ली कैपिटल्स को हराकर मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी।

प्रधानमंत्री-अमृत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर में, 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश सहित 18 राज्यों के 86 जिलों के 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन भी करेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए 13 सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों को चिन्हित किया गया है।

प्रधानमंत्री आज प्रदेश में छह नए उन्नत रेलवे स्टेशनों का भी वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। और ब्यौरा हमारे भोपाल संवाददाता सेः

इस मौके पर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये अमृत स्टेशन देश के 'विकास का प्रवेश द्वार' सिद्ध होंगे। यात्री अब अधिक सुगम, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त आनंददायक यात्रा का अनुभव करेंगे।

मुख्यमंत्री सिवनी मालवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज कृषि उपज मंडी सिवनी मालवा से नर्मदापुरम की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए करीब 102 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। इसमें नर्मदापुरम विधानसभा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से संयुक्त तहसील कार्यालय भवन इटारसी के कार्यो का भूमि पूजन भी किया जाएगा।

अंक सुधार आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। वहीँ, हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

कंजर्वेशन रिजर्व

मध्य प्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की कल हुई 29 वीं बैठक में दो प्रस्तावों को सर्व सहमति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की. इसमें बैतूल जिले में ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व के गठन को मंजूरी दी गयी। इसी तरह, बालाघाट जिले के सोनेवानी वन क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। दोनों की अधिसूचना भी जल्द ही जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बोर्ड द्वारा प्रस्तावित अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस है। इसका उद्देश्य जैव विविधता के महत्व को समझाना और उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. इस वर्ष का विषय हैः प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास इस अवसर पर वन, पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। कार्यशाला में थीम सॉन्ग "एक कहानी बनते हुए" का विमोचन, राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार 2023 एवं 2024 का वितरण किया जाएगा।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा कार्यक्रम में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं मंदसौर से अनिल मेघवाल का संदेश।

आप भी इस कार्यक्रम में अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

मौसम

इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून समय से पूर्व आने की संभावना है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में बताया कि मॉनसून के जल्द आने की उम्मीद है।

इधर, भोपाल समेत पूरे प्रदेश में एक बार फिर शाम होते ही मौसम बदल गया। कल दिनभर तेज धूप और उमस रही। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। कई जगह तेज हवा और बारिश हुई। भोपाल में 46 किमी/घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। भोपाल का अधिकतम तापमान कल 39 दशमलव 1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 6 दिन भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के कई इलाकों में ऐसा ही मौसम रहेगा। दिनभर गर्मी-उमस के बाद शाम को आंधी-बारिश के आसार हैं।

आईपीएल - क्रिकेट

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम बन गई। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स का सफर खत्म हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में, दिल्ली की टीम 18 ओवर और 2 गेंद में 121 रन पर सिमट गई। आज, गुजरात टाइटन्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। ये मैच अहमदाबाद में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज से 25 मई तक नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर रहेंगी।
- इंदौर में ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को देखते हुए सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए सेवानिवृत्त मध्यप्रदेश शासकीय महाविद्यालनीय प्राध्यापक मंच ने एक लाख 50 हजार रुपये की सहयोग राशि दी है।
- सीधी जिले के संजय दुवरी टाइगर रिजर्व के समीप गांवों में घुसपैठ कर जनहानि करने वाले जंगली हाथी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने कल रेस्क्यू कर लिया।
- मंदसौर जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतरीन कार्य करने पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को कल सम्मानित किया।
- टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले को भी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है।
- डिंडोरी में गर्मी के मौसम में खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की है।
- मैहर में आज पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए 11.30 बजे शिविर का आयोजन किया गया है।
- आगरमालवा जिले के ग्राम पालखेड़ी स्थित पी.एम. श्री शासकीय हाईस्कूल में 1 से 20 मई तक समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास की अनूठी गतिविधियां आयोजित की गई।
- खंडवा की जनपद पंचायत हरसूद में शासकीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग पद्धति, चेक डेम, वृक्षारोपण जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।
- अशोकनगर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की साफ सफाई, श्रमदान और गहरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे है।
- अब तक 395 पर्वतारोही विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट पर इस वसंत ऋतु में विजय हासिल कर चुके हैं। इस बार 57 देशों की 86 महिलाओं और 382 पुरुषों सहित 468 पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए अनुमति ली थी।